# जब से बाबा के दर पर जाने लगे | By Renu ( Shona ) Chaudhary

टूट गई थी उम्मीदें सब टूट गई थी आस
हार के दुनिया से मैं आई बाबा तेरे पास
एक तुझपे ही था सांवरे मुझको विश्वास
तेरी रेहमत से बची है मेरे तन में सांस

जबसे बाबा के दर पर हम जाने लगे
हर ख़ुशी मिल गई देखते देखते
कल तलक एक राह ना दिखती थी अब
मज़िलें मिल गई देखते देखते
जबसे बाबा के ............

क्या बताऊँ मैं तुमको कहानी मेरी
कितनी बेनूर थी ज़िंदगानी मेरी
श्याम ने जबसे पकड़ा है दामन मेरा
ज़िन्दगी सज गई देखते देखते
सांवरे के करम से उदासी मेरी
खुशियों में ढल गई देखते देखते
जबसे बाबा के ............

मुझसे नज़रें मिलाने से कतराते थे
कल तलक फेर कर मुंह को जो जाते थे
वो ही आकर गले से लगाने लगे
बेरुखी टल गई देखते देखते
श्याम की रेहमतो का असर ये हुआ
बात सब बन गई देखते देखते
जबसे बाबा के ............

सांवरा जो करम मुझपे करता नहीं
मेरा नामो निशाँ जग में मिलता नहीं
श्याम ने शर्मा पे ऐसा एहसां किया
हर बला टल गई देखते देखते
कल तलक हसरतें दिल में जो थी दबी
फिर से वो पल गई देखते देखते
जबसे बाबा के ............

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%ac-%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a4%b0-%e0%a4%aa%e0%a4%b0-%e0%a4%9c%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%b2%e0%a4%97%e0%a5%87-b/